हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 जून 2026



06 एक मंच से चार मोर्चों पर हमला, कांग्रेस विधायक का...



07 फूटा आदिवासियों का आक्रोश कलेक्ट्रेट...




## खबर संक्षेप

### पेयजल व्यवस्थाओं के लिए कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित

**सागर।** ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 में स्थापित कंट्रोल रूम हेतु विभिन्न कर्मचारियों की ड्यूटी आगामी आदेश तक निर्धारित की गई है। जारी आदेश के अनुसार कंट्रोल रूम में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रथम शिफ्ट प्रातः 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक, द्वितीय शिफ्ट दोपहर 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक तथा तृतीय शिफ्ट रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक संचालित होगी। आदेश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरपालिकाओं के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही आवश्यक स्थिति में रिजर्व कर्मचारियों की भी व्यवस्था की गई है। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि पेयजल संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### कलेक्टर ने अमावनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर का किया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अमावनी क्षेत्र में विकसित किए जा रहे ट्रांसपोर्ट नगर का निरीक्षण कर निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ट्रांसपोर्ट नगर से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं और चुनौतियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विकसित किए जा रहे ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में अतिक्रमण की स्थिति की जानकारी लेते हुए एरिया-वार आसपास उपलब्ध शासकीय भूमि का विवरण भी पटवारी और अधिकारियों से प्राप्त किया तथा विकास कार्यों में भूमि संबंधी आ रही समस्याओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने ट्रांसपोर्ट नगर परियोजना संबंधी टेंडरों की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। साथ ही परियोजना के लिए व्यय और वित्तीय प्रबंधन के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि परियोजना पूर्ण होकर क्षेत्र के विकास एवं यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो सके।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शपथ एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा समाज में इसके प्रति जन-जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं तंबाकू से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय, सागर से उपस्थित रहीं डॉ. स्वर्णलता तिवारी ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कैंसर, हृदय रोग, श्वसन बीमारियों एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में शत-प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाए जाएं : कमिश्नर

# दिव्यांग एवं कल्याणी विवाह योजना में पन्ना और निवाड़ी में अपेक्षित कार्य नहीं, कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग की सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में शत-प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग की सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाना सुनिश्चित करें तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिलाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग के टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में प्रवेश हेतु पंजीयन कम है। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों में प्रवेश के लिए सतत रूप से प्रयास किए जाएं।

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं की विभिन्न कार्यकारी समितियों की बैठकें भी समय-समय पर कराएं तथा बैठकों में लिए गए निर्णयों का क्रियान्वयन भी सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग ने उक्त निर्देश आज औद्योगिक विभाग, उद्योग विभाग, सामाजिक न्याय विभाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक में



अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में सागर संभाग के पन्ना जिले में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना का क्रियान्वयन सागर संभाग के सभी जिलों में करें तथा योजना का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों को दिलाएं। कमिश्नर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी जिलों में परिणामी और परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग के औद्योगिकीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि सागर संभाग में औद्योगिकीकरण का वातावरण तैयार किया जाए। औद्योगिक इकाइयों को सहजता से भूमि आवंटित किया जाए एवं अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएं। कमिश्नर ने सागर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न औद्योगिक समूहों द्वारा स्थापित किए जा रहे उद्योगों की भी समीक्षा की। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह एवं कल्याणी विवाह योजनाओं की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग के पन्ना और निवाड़ी जिलों में दिव्यांग विवाह एवं कल्याणी विवाह योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सागर संभाग के अन्य जिलों के समान ही पन्ना और निवाड़ी जिले में दिव्यांग एवं कल्याणी विवाह योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन द्वारा संचालित दिव्यांग एवं कल्याणी विवाह योजना के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी मुहैया कराई जाए।

बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में फूड पार्क स्थापित करने के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में उद्योग विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, उप संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं उपस्थित रहे।



### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**सागर।** तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर आयोजित भागवत कथा के प्रथम दिवस देव पीठ स्थापना पूजन के साथ मंगलवार को सुबह 9बजे से भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए वापिस मंदिर परिसर में समापन हुई। शाम 8 बजे से कथा व्यास राष्ट्रीय संत गौपीठाधीश्वर पं.विपिन बिहारी दास जी महाराज ने रात्रि 11बजे तक कथा का महात्म समझाते हुए विभिन्न प्रसंगों से श्रद्धालुओं को अपनी बुंदेली शैली भावविभोर किया। उन्होंने शिवपार्वती आख्यान, धुंधकारी प्रसंग, परीक्षित श्राप आदि प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कथा का अधिकारी व्यक्ति बड़े पुण्य प्रताप के बाद हो पाता है इसलिए भागवत का महत्व और सार भी यही है कि हमे भगवत अनुरागी होना चाहिए इसके साथ ही भागवत के महात्म का विस्तृत वर्णन किया। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया पशुपतिनाथ मन्दिर में प्रत्येक पुरुषोत्तम मास में कथा का आयोजन होता आया है कथा प्रतिदिन सायंकाल के निर्धारित समय से होगी प्रथम दिवस की कथा में एवं कलशयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




**खुरई।** चंद्रशेखर आजाद वार्ड निवासी गोपाल लोधी की बस स्टैंड के पास निर्माण आधीन बिल्डिंग में निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा 8 लाख की राशि मृतक के परिजनों को सौंपी गई।



### सुरखी विधानसभा में अनुसूचित जाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की सुरखी विधानसभा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक विधायक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने, बूथ एवं शक्ति केंद्रों को सशक्त करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन हित और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति छात्रावास, विद्यार्थियों के लिए पुस्तकालयों की स्थापना, डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से हजारों छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि पात्र व्यक्तियों तक उनका लाभ पहुंचाना है। इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देना चाहिए ताकि समाज का कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. वीरेंद्र पाठक ने अपने संबोधन में संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा शक्ति केंद्रों की सक्रियता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने मौके पर निपटाए मामले लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मंगलवार को मालथोन में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं, जिन पर कलेक्टर ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को समय-सीमा तय कर त्वरित कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आवेदकों को उनकी जमीनी दस्तावेजों की नकल तत्काल प्रदान की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। पटवारियों को निर्देशित किया गया है कि भू-अर्जन से संबंधित जितने भी लंबित मामले हैं, उनके सुधार का कार्य आगामी शुक्रवार तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। जिन मामलों में सीमांकन के बाद भी अवैध कब्जे की शिकायतें हैं, वहाँ पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं। मौका मुआयना और मौका परीक्षण के मामलों में कलेक्टर ने तहसीलदारों को फील्ड में उतरने को कहा है। तहसीलदार स्वयं दस्तावेजों के साथ मौके पर जाकर शिकायतों की सत्यता की जांच करेंगे, जिसकी समय-सीमा 5 जून 2026 तय की गई है। जनसुनवाई में आए दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए कलेक्टर ने तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के लिए एक सूची में नाम जोड़ने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग को दिए हैं। इसके साथ ही युवाओं और छात्रों के जाति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिन क्षेत्रों से पेयजल संकट या जल आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें आईं, वहाँ कलेक्टर ने तुरंत ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि पानी की परेशानी वाले क्षेत्रों में तत्काल वैकल्पिक स्त्रोत से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। जल संसाधन विभाग से जुड़े भू-अर्जन के लंबित मुआवजे के भुगतान के मामलों में कलेक्टर ने एसीडीएम को 7 दिवस के भीतर प्रकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। लोक सेवा गारंटी के तहत एसडीएम न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि सभी न्यायालयीन लंबित प्रकरणों का 7 दिवस के भीतर सकारात्मक निराकरण किया जाए। इसके अतिरिक्त उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत पीएमएफएमई योजना के तहत जिन आवेदकों के पुराने केस निरस्त हो गए थे, उनकी कमियों को सुधारकर नए सिरे से केस तैयार करवाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सीमांकन, भू अर्जन, जमीन पर किसी प्रकार के कब्जे से संबंधित प्रकरणों को विशेष अभियान चलाते हुए 10 तारीख तक निराकृत करने के निर्देश दिए साथ ही एसडीएम को इस संबंध में 11 जून को विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान दिए कड़े दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बिजली कंपनी के मुख्य अभियंता (सागर क्षेत्र) देवेन्द्र कुमार द्वारा मकरोनिया स्थित सभागार में सागर वृत्त के अंतर्गत बीना, खुरई, बंडा, सागर ग्रामीण एवं नगर संभाग तथा रहली, संभाग के कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओ एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर तक के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अधिक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर, कार्यपालन अभियंता द्वय प्रदीप कुमार साहू, इमरान खान सहायक अभियंता विकास मिश्रा, आर.के. अरजरिया, निखिल गुप्ता प्रोग्रामर अमित पोरवाल सहित बडी सख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य अभियंता द्वारा रेवेन्यू पैरामीटर सहित कैश डिमांड शत प्रतिशत वसूलने, बडे बकायादारों पर कार्यवाही करने, मेंटेनेंस कर ट्रिपिंग कम करने, खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स बंद करने, शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने चैकिंग अभियान को और अधिक सघन करने तथा जिन कनेक्शनों में चोरी पाई जाए उन पर तत्काल प्रभाव से डिस्कनेक्शन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को रात्रि कालीन चेकिंग करने, अभियान चलाने, कटे हुए कनेक्शनों की नियममित जॉच करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त 11 केव्ही. एवं 33 केव्ही फीडरों के मेंटेनेंस कार्यो की समीक्षा करते हुए विद्युत आपूर्ति को सुचारू एवं बेहतर बनाए रखने एवं उपभोक्तओं की समस्याओं का तत्काल समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

मुख्य अभियंता श्री कुमार ने असंतोषजनक प्रगति पाए जाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

## कृषि उपज मंडी में 1.51 लागत के सीसी रोड का भी भूमिपूजन संपन्न

# पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई में 20 करोड़ लागत से हनौता पर्यटन क्षेत्र के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई के निकट हनौता बांध स्थित निर्माणाधीन पर्यटन स्थल पर 20 करोड़ की लागत से विभिन्न पर्यटन संबंधी आधुनिक जन सुविधाओं के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में उन्होंने 1.51 करोड़ की लागत से सीसी रोड का भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हनौता पर्यटन स्थल खुरई के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यह हमारे ग्रीन खुरई, क्लीन खुरई के संकल्प को पूरा करते हुए रोजगार और सुविधाओं से समृद्ध खुरई बनाने की ओर बढ़ता हुआ एक और कदम है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि हनौता पर्यटन स्थल पर 12 अतिथि कक्ष, रेस्टोरेंट, गेमजोन, कैफेटेरिया, टायलेट ब्लाक, ओपन एमपी थियेटर, पार्क, स्वीमिंगपूल, जागिंग ट्रैक, बाउंड्री वॉल जैसी सुविधाओं का निर्माण आरंभ हो गया है। आगे यहां वाटर स्पोर्ट्स जैसी अनेक सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पहले खुरई में एक भी स्थान ऐसा नहीं था जहां हम अपने बच्चों को, बाहर से आए अतिथियों को दिखाने ले जा सकें। किला प्रांगण और 24 पार्कों के निर्माण के बाद हनौता पर्यटन स्थल ऐसा बनेगा




कि न केवल खुरई बल्कि पूरे जिले के लोग इस पर्यटन स्थल पर समय बिताने आएंगे। इतनी बड़ी वाटर बॉडी, इतना बड़ा बांध जहां होता है उसी के आसपास सबसे ज्यादा टूरिज्म डेवलपमेंट होता है। उन्होंने कहा कि दो-तीन साल पहले हमने आदेश करवाया और यहां की भूमि में से 27 एकड़ जगह कलेक्टर के आदेश से पर्यटन के लिए खुरई नगर पालिका को आवंटित कराई थी। फिर यहां एक वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा था जिसम स्कूलों के बच्चे शहर के और आसपास के गांव की जनता ने यहां लगभग 5000 पेड़ लगाए थे जिनमें से बहुत से बिना बाउंड्री वाल के भी सुरक्षित रहते हुए वृक्ष बनने की ओर हैं। अब यहां 20 करोड़ की राशि से विकास के कार्य शुरू होंगे। अभी तो यह शुरुआत है हम इसको पर्यटन स्थल को ऐसा बना देंगे की पूरे मध्य प्रदेश के लोग यहां पर पर्यटन की दृष्टि से आएं। उन्होंने कहा कि यहां बाउंड्री का काम होना है हम लोग फिर से एक बड़ा कार्यक्रम करेंगे और उसमें जितने वृक्ष लगा सकते हैं सुरक्षित हो जाएंगे तो हम लोग उसमें फिर बड़े स्तर पर यहां वृक्ष लगाएंगे।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि विकास और स्वच्छता में खुरई नगरपालिका क्षेत्र प्रदेश में नंबर वन पर है। यह आंकड़ों से भी सिद्ध होता है। विकास से क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ता है, लोगों को रोजगार मिलते हैं। जितना विकास पिछले 50 साल में नहीं हुआ उतना हमने खुरई में 10 साल के अंदर करके खुरई को सबसे ज्यादा बजट वाली विकसित नगर पालिका बना दिया है। उन्होंने बताया कि नगरीय विकास मंत्री रहते हुए एशियन डेवलपमेंट बैंक से खुरई नपा को 350 करोड़ का विकास प्रोजेक्ट स्वीकृत किया था जिससे खुरई नगर का भविष्य के विजन के साथ अधोसंरचना विकास किया गया जिसमें सीवर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट भी शामिल है। उन्होंने बताया कि आगे चलकर हनोता पर्यटन स्थल को चैड़ा आऊटर बायपास रोड बना कर भीतर की सड़कों पर यातायात का दवाब कम हो सके।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में 1.51 करोड़ की लागत से बन रहे उपयोगी सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने मंडी प्रांगण में किसानों, हम्मालों की सुविधा हेतु वाटर चिलर टैंकर का लोकार्पण किया। उन्होंने उपस्थित किसानों, व्यापारियों, हम्माल संघ व तुलावटियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सीसी रोड आवागमन के अलावा अनाज के रखरखाव, विपणन के लिए भी उपयोगी और सुविधा जनक होगा।



### विश्वविद्यालयः कुलपति ने किया जलवायु परिवर्तन जागरुकता कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के आयोजन की औपचारिक शुरुआत 1 जून 2026 को कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर द्वारा कार्यक्रम के पोस्टर के अनावरण के साथ की गई। "जलवायु परिवर्तन" विषय पर आधारित यह कार्यक्रम 2 से 5 जून 2026 तक मिशन लाइफ पहल के अंतर्गत पूर्व-अभियान के रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समाज में पर्यावरणीय जागरूकता का प्रसार करना तथा सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर वृत्तचित्र प्रदर्शन, आमंत्रित व्याख्यान, मिशन लाइफ जागरूकता पैम्फलेट का विमोचन, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान एवं जागरूकता पुस्तिकाओं का वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी, पोस्टर/चित्रकला, कहानी लेखन, नारा लेखन तथा कविता लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 3 जून को एक विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा, जिसे सुश्री श्रुति सिन्हा संबोधित करेंगी। इस अवसर पर प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और प्राकृतिक पारितंत्रों के संरक्षण हेतु सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. नवीन कांगो के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### नपा के कामकाज पर साधा निशाना, सरकार व पूर्व विधायक को भी घेरा

# एक मंच से चार मोर्चों पर हमला, कांग्रेस विधायक का दिखा आक्रामक तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने मंगलवार को रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में आक्रामक राजनीतिक तेवर दिखाते हुए भाजपा की प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व भाजपा विधायक राकेश गिरी गोस्वामी और नगर पालिका प्रशासन पर एक साथ चौतरफा हमला बोला। जनहित, भ्रष्टाचार, राजनीतिक मर्यादा और विकास कार्यों में अनियमितताओं के मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया।



प्रेस वार्ता में कांग्रेस विधायक बुंदेला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा के अनुरूप भाषा और आचरण रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के प्रति भाजपा का रवैया असहिष्णु है और सरकार जनहित के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति से अधिक जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। पूर्व भाजपा विधायक राकेश गिरी गोस्वामी द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए विधायक बुंदेला ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियां उनके पिछले राजनीतिक व्यवहार का परिणाम हैं। उन्होंने भाजपा के एक कार्यक्रम और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच हुए विवादों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि भाजपा के भीतर ही असंतोष और अंतर्विरोध सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हुए विवादों को भाजपा नेतृत्व नजरअंदाज करता रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक बुंदेला ने नगर पालिका के कार्यों को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कटरा बाजार दुकान निर्माण, पुलिस लाइन पार्क, ऑडिटोरियम निर्माण और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई विकास कार्य वर्षों से अधूरे पड़े हैं, जबकि इन पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी मामलों की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए संबंधित ठेकेदारों, अधिकारियों और उस समय के जिम्मेदार पदाधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि जनता के धन से संचालित परियोजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंचना चिंता का विषय है। परिषद की बैठकों में गलत जानकारी प्रस्तुत करने और तथ्यों को छिपाने के मामलों की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा कि जनता के पैसे का हिसाब जनता को मिलना चाहिए और भ्रष्टाचार या लापरवाही करने वालों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। नगर पालिका की दुकानों के आवंटन का मुद्दा उठाते हुए विधायक बुंदेला ने आरोप लगाया कि करीब 600 दुकानों के आवंटन में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले को विधानसभा में भी उठाया गया था और जांच के लिए टीम गठित की गई है। इसके बावजूद जांच पूरी होने से पहले नई आवंटन प्रक्रिया शुरू किए जाने की खबरें सामने आ रही हैं, जो कई सवाल खड़े करती हैं। विधायक बुंदेला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनहित के मुद्दे उठाती है तो उसे नियमों का हवाला देकर रोका जाता है, जबकि सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों को संरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को निष्पक्ष रहकर कार्य करना चाहिए, अन्यथा जनता का विश्वास कमजोर होता है।

गोपालपुर पंचायत भवन में 10 हजार रुपये लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## रास्ते की फाइल अटकाकर मांगी रिश्वत लोकायुक्त के जाल में फंसा पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जमीन के रास्ते के प्रकरण में कार्रवाई करने के नाम पर रिश्वत मांगना एक पटवारी को भारी पड़ गया। सागर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को गोपालपुर-कारी हल्के में पदस्थ पटवारी अजय सूत्रकार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पंचायत भवन में हुई इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में मामले की चर्चा का विषय बन गया।

जानकारी के अनुसार पुटेरी गांव निवासी पोंटू आदिवासी का जमीन से जुड़े रास्ते का मामला लंबित था। आरोप है कि प्रकरण में कार्रवाई आगे बढ़ाने और समाधान कराने के बदले पटवारी अजय सूत्रकार ने 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। फरियादी का कहना है कि पटवारी लगातार उस पर रकम देने का दबाव बना रहा था, जिससे परेशान होकर उसने सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त टीम ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर टीम ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पटवारी पहले ही फरियादी से 5 हजार रुपये ले चुका था और शेष 10 हजार रुपये मंगलवार को लेने वाला था। पूर्व निर्धारित योजना के तहत फरियादी 10 हजार रुपये लेकर ग्राम पंचायत गोपालपुर के पंचायत भवन पहुंचा। जैसे ही पटवारी ने रिश्वत की राशि अपने हाथ में ली, पहले से निगरानी कर रही लोकायुक्त टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर कराए गए रासायनिक परीक्षण में भी रिश्वत लेने की पुष्टि हो गई। कार्रवाई के दौरान पंचायत भवन परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। लोकायुक्त अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिले में हाल के दिनों में भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई यह एक बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। लोकायुक्त अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई शासकीय कर्मचारी किसी भी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है तो उसकी शिकायत तत्काल लोकायुक्त से करें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।






## पुलिस परिवार की समस्याएं सुनने स्वयं आगे आए एसपी मंडलोई

**संवाद बैठक में स्वास्थ्य, पारिवारिक और सेवा संबंधी मुद्दों पर की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस बल के अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान के लिए संवेदनशील कार्य वातावरण विकसित करने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संवादात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी व्यक्तिगत, पारिवारिक, स्वास्थ्य एवं सेवा संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता केवल संसाधनों और व्यवस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि कर्मचारियों के मानसिक संतोष, स्वास्थ्य और पारिवारिक सुख-शांति भी उसकी महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। इसलिए पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्य की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनना तथा उनका समाधान करना विभाग की प्राथमिकता है। बैठक के दौरान एक कर्मचारी ने अपने परिवार में चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया।



एसपी मंडलोई ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया और बेहतर उपचार के साथ विभागीय स्तर पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है और किसी भी कर्मचारी को कठिन समय में स्वयं को अकेला महसूस करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों के लंबित आवेदन, स्वास्थ्य प्रकरण, अवकाश संबंधी अनुरोध एवं अन्य प्रशासनिक मामलों का समयबद्ध और सहानुभूतिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वास्तविक आवश्यकताओं और समस्याओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना संगठन की जिम्मेदारी है। संवाद के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस और मानसिक संतुलन के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ, अनुशासित और तनावमुक्त पुलिस बल ही समाज को बेहतर सुरक्षा और सेवाएं प्रदान कर सकता है। नियमित परेड, प्रशिक्षण और समयबद्ध कार्यप्रणाली को उन्होंने पुलिस की पेशेवर दक्षता का आधार बताया।

### पुलिस-जन संवाद में शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन

## सम्मानित सुनवाई व त्वरित न्याय का माध्यम है जनसुनवाईः एसपी



**टीकमगढ़।** पुलिस और जनता के बीच मजबूत विश्वास कायम करने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा संचालित जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। कई मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की गई, जबकि अन्य प्रकरणों में विस्तृत जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एसपी मंडलोई ने कहा कि जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने की औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक सुना जाना और उसकी समस्या का समाधान करना पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। पुलिस विभाग इस दिशा में लगातार प्रयासरत है ताकि किसी भी व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के सभी थाना और चौकी स्तर पर भी प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना और उन्हें उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें। एसपी मंडलोई ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ निरंतर संवाद, सहयोग और सहभागिता भी इसकी महत्वपूर्ण कड़ी है।

## प्रशासन ने नहीं सुनी तो जनता आई आगे जनसहयोग से बनेगी प्रतिमा

**टीकमगढ़।** अमर शहीद मदन यादव की प्रतिमा स्थापना को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग पर प्रशासन की निष्क्रियता के बाद अब समाज ने स्वयं पहल करने का फैसला लिया है। ओबीसी महासभा की जिला इकाई ने जनसहयोग से आगामी एक माह के भीतर प्रतिमा निर्माण और स्थापना कराने का संकल्प लिया है। संगठन का कहना है कि लगातार मांग और प्रयासों के बावजूद जब प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तब समाज को खुद आगे आकर जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। इस संबंध में आयोजित बैठक में ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थापना के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग की घोषणा की और महज एक घंटे के भीतर 11 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर दी। इसे प्रतिमा निर्माण अभियान की पहली सफलता माना जा रहा है। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सीबी कुशवाहा, प्रदेश महासचिव अखिलेश यादव, प्रदेश सचिव सीताराम लोधी, जिला अध्यक्ष उत्तम नापित, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र लोधी, जिला प्रभारी नीलेश यादव, वरिष्ठ सलाहकार एमडी वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी और समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का सम्मान केवल औपचारिक घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। इस मुहिम को अन्य राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिलने लगा है। बैठक में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतिमा स्थापना अभियान को समाज की भावनाओं से जुड़ा विषय बताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने तत्काल 5 हजार रुपये की सहयोग राशि भी संगठन को सौंपी। ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन के टालमटोल रवैये से समाज में नाराजगी है, लेकिन अब इस कार्य को जनभागीदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाएगा। संगठन ने प्रतिमा निर्माण के लिए एक माह की समय-सीमा तय की है।




## पत्नी का नाम जुड़वाने टावर पर चढ़ा युवक, रिश्वत के लगाए आरोप

**ग्राम मिनोरा में घंटों चला हाईवोल्टेज ड्रामा, प्रशासन के आश्वासन पर उतरा आदिवासी युवक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के ग्राम मिनोरा में मंगलवार को उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई जब एक आदिवासी युवक अपनी पत्नी का नाम समग्र आईडी में जोड़ने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक ने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी के अनुसार युवक पिछले काफी समय से अपनी पत्नी का नाम समग्र आईडी में जुड़वाने के लिए प्रयास कर रहा था। उसका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने काम कराने के नाम पर उससे 5 हजार रुपये लिए, लेकिन इसके बावजूद उसका काम नहीं किया गया। कई बार पंचायत और संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर युवक ने विरोध का यह कदम उठाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह युवक अचानक गांव स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और ऊपर से ही अपनी समस्या बताने लगा। उसने आरोप लगाया कि उसकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है और उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। टावर पर युवक के चढ़ने की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल घटनास्थल पहुंचे। अधिकारियों ने काफी देर तक युवक से बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास किया। इस दौरान युवक अपनी मांगों पर अड़ा रहा और मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता रहा। काफी देर तक समझाइश देने और अधिकारियों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कराने और शिकायत की विधिवत पड़ताल करने का आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हुआ। प्रशासन के भरोसे के बाद युवक टावर से सुरक्षित नीचे उतर आया, जिसके बाद अधिकारियों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद प्रशासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि युवक द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## मानसून को लेकर कलेक्टर अलर्ट, जलभराव रोकने चलाया अभियान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन ने जलभराव और जल निकासी की समस्याओं से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर जिले के सभी नगरीय निकायों में नाले-नालियों की व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है, ताकि बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सीएमओ को निर्देशित किया है कि नगरीय क्षेत्रों में नालों और नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में जलभराव का सबसे बड़ा कारण नालों और नालियों का अवरुद्ध होना होता है। यदि समय रहते सफाई कार्य पूरा कर लिया जाए तो कई समस्याओं से बचा जा सकता है।

कलेक्टर के निर्देशों के बाद टीकमगढ़ नगर पालिका सहित नगर पंचायत लिधौरा, पलेरा, खरगापुर, बल्देवगढ़ और कारी सहित जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में सफाई अभियान शुरू हो गया है। जगह-जगह जेसीबी और सफाई अमले की मदद से नालों की गाद और कचरा निकालने का कार्य किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि प्रशासन बारिश से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी वार्ड या मोहल्ले में नालों की सफाई की आवश्यकता हो तो इसकी सूचना अपने वार्ड पार्षद अथवा नगर परिषद के माध्यम से संबंधित सीएमओ तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का मानना है कि समय पर की गई यह तैयारी बारिश के मौसम में जलभराव, गंदगी और जनजीवन प्रभावित होने जैसी समस्याओं को काफी हद तक कम करने में मददगार साबित होगी। जिलेभर में चल रहा यह अभियान मानसून पूर्व तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

## रिनिया में 8 जून से संगीतमय भागवत कथा

**विदिशा।** ग्राम रिनिया स्थित भैरों बाबा मंदिर प्रांगण में 8 से 14 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अरविंद कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 जून को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे।

### अंधेरे में गांव, ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर महिलाओं ने बिजली दफ्तर में खोला मोर्चा

# बिजली को लेकर बवाल, चप्पल, लाठियों सहित दिखा महिला आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

डेढ़ महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण बिगत डेढ़ माह से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। जतारा स्थित बिजली वितरण कंपनी के कार्यालय में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब ग्राम रतनगुवां भाटा की महिलाएं और ग्रामीण ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग लेकर पहुंच गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के आरोप लगा दिए। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें महिलाएं हाथों में चप्पल और लाठियां लिए दिखाई दे रही हैं, जबकि कुछ महिलाएं कार्यालय के बाहर धरती पर लोटकर विरोध प्रदर्शन करती नजर आ रही हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव का ट्रांसफार्मर पिछले करीब डेढ़ महीने से खराब पड़ा है, जिससे पूरा क्षेत्र बिजली संकट से जूझ रहा है। कई बार शिकायत करने और अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह पहले भी वे बिजली कार्यालय पहुंचे थे, जहां उन्हें एक-दो दिन में ट्रांसफार्मर बदलने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आठ दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। रतनगुवां निवासी सुनील अहिरवार ने बताया कि लगातार बिजली न मिलने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। जब बार-बार शिकायतों के बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो गांव की महिलाएं और पुरुष एक साथ बिजली कार्यालय पहुंचकर जवाब मांगने लगे। ग्रामीण महिला कमला और सुखवती ने आरोप लगाया कि जब वे कार्यालय के भीतर कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग कर रही थीं, तभी कर्मचारियों ने कार्यालय का गेट बंद कर दिया और उनके साथ अभद्रता की। महिलाओं का दावा है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई और एक महिला को कुर्सी तक मारी गई। दूसरी ओर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इन आरोपों को खारिज करते हुए ग्रामीणों पर ही उपद्रव करने का आरोप लगाया है। कार्यालय के बाबू चंद्रशेखर नरवरिया के अनुसार ग्रामीणों से कहा गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों के आने के बाद उनकी शिकायत पर चर्चा की जाएगी, लेकिन इससे पहले ही कुछ लोग आक्रोशित हो गए। उनका आरोप है कि महिलाओं सहित ग्रामीणों ने कार्यालय में घुसकर कर्मचारियों के साथ हाथापाई की, टेबल-कुर्सियां और कंप्यूटर गिरा दिए तथा बाहर से पत्थरबाजी भी की गई। कार्यालय परिसर में काफी देर तक अफरा तफरी और तनाव का माहौल बना रहा। वहीं सूचना मिलते ही जतारा पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों की बात सुनी और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े वीडियो फुटेज और दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।





### महापंचायत में जमा हुए हजारों आदिवासियों ने लिया जमीनों से कब्जे हटाने का संकल्प

# फूटा आदिवासियों का आक्रोश कलेक्ट्रेट का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कराहल विकासखंड के पनवाडा गांव में गंगाराम आदिवासी की जमीनी विवाद में हुई हत्या के बाद सुलग रहा आक्रोश मंगलवार को उस समय और अधिक बढ़ गया जब हजारों की संख्या में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए आदिवासियों ने महापंचायत कर जल, जंगल और जमीन पर अपने अधिकार बताते हुए संघर्ष का ऐलान किया और उसकी रक्षा करने तथा गैर आदिवासियों से आदिवासियों की जमीनें छुड़वाने, गलत तरीकों से हांसिल किए गए पट्टों को निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्ट्रेट का घेराव किए जाने के बाद सौंपा।

पूर्व में दी गई कोल के अनुसार मंगलवार की दोपहर 12:00 से ही वीर सावरकर स्टेडियम पर आदिवासी एकत्रित होने लगे ट्रैक्टर ट्राली से विभिन्न गांव से जिला मुख्यालय पहुंचे आदिवासियों ने पहले महा पंचायत की और उसमें सभी प्रधान, पटेलो ने अपनी अपनी बातें रखी. मुख्य मुद्दा आदिवासियों की जमीनों को गैर आदिवासियों से वापस से लेने का रहा. इस मामले में सभी ने एकजुटता दिखाते हुए लंबे समय तक आंदोलन के लिए तैयार रहने का संकल्प लिया इसके बाद आदिवासी वीर सावरकर स्टेडियम से ही नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंच गए जहां उन्होंने नारेबाजी करने के बाद कलेक्टर शीला दाहिमा को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में विगत दिनों पनवाडा में गंगाराम आदिवासी की हत्या करने वाले हत्यारे के घर पर बुलडोजर चलाने, उसकी जमीन छीनने, हत्यारों को फांसी देने की मांग प्रमुख थी. इसके अलावा पूरे जिले में आदिवासियों की जमीनों पर जिन गैर आदिवासियों ने छल कपट पूर्वक पट्टा करा लिया है, या राजस्व अभिलेख में अपना नाम चढ़ा लिया हैं, उनके पट्टे निरस्त करने, राजस्व अभिलेखों से नाम काटकर आदिवासियों के नाम चढ़ाने, आदिवासियों की जमीन से कब्जे तत्काल हटाकर जमीन आदिवासियों के सुपुर्द करने और जो जमीन है पूर्व में आदिवासियों के नाम थी वह आदिवासियों के नाम वापस की जाए 37 बिंदुओं के ज्ञापन में जमीन ही मुख्य मांग रही. बाद में ज्ञापन देते समय आदिवासियों ने जिला पप्रशासन को चेतावनी भी दी कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो जहां-जहां आदिवासियों की जमीन दबाई गई है उस गांव और उस खेत में पहुंचकर इसी तरह आदिवासी पंचायत कर अधिकार हासिल कर लेंगे. आंदोलन का नेतृत्व विधायक मुकेश मल्होत्रा और मध्यप्रदेश सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी करते दिखे।

### तो निर्मित हो सकती है वर्ग संघर्ष की स्थिति

ज्ञापन देते समय आदिवासियों ने साफ चेतावनी दी कि वह आज महापंचायत कर शांतिपूर्वक रूप से ज्ञापन देने आए हैं और ज्ञापन के रूप में जो मांग पत्र सौपा है, प्रशासन उसे जरूर पूरा करेगा अगर उसे पूरा करने में देरी होती है या लापरवाही बरती जाती है तो समस्त आदिवासी समुदाय एकत्रित होकर इसी तरह हर उस गांव और खेत में पहुंचकर अपने कब्जे छुड़ाने के लिए महा पंचायत करेगा और आदिवासियों की जमीनों पर कब्जा को बल पूर्वक छुड़ाने का काम करेगा. अगर ऐसा हुआ तो फिर वर्ग संघर्ष की स्थिति निर्मित हो सकती है, क्योंकि अभी भी क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसी जमीने हैं जो आदिवासियों के नाम है लेकिन कब्जे दूसरे के हैं अथवा हस्तांतरित हो चुकी हैं।

### नक्सली बताने से आक्रोशित दिखे आदिवासी

इससे पहले यह ज्ञापन प्रदर्शन के दौरान किसी ने आदिवासियों को नक्सली विचारधारा से प्रेरित बता दिया था हालांकि उसे बात का खंडन कर दिया गया था और जिला प्रशासन ने इस संबंध में बैठक आयोजित कर दोनों पक्षों का राजीनामा कराकर पैदा हुई गलतफहमी को दूर कर दिया लेकिन आंदोलन के दौरान आदिवासी नक्सली बताने के विरोध में भी नारे लगाते दिखाई दिए आदिवासियों का आक्रोश इस बात को लेकर भी था कि जब भी वह उनके हक की लड़ाई लड़ते हैं उन्हें नक्सली बता कर उनके आंदोलन को कमजोर बता दिया जाता है।

### इनका कहना...

कराहल विकासखंड ट्राइबल क्षेत्र है जहां आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी नहीं खरीद सकता है. इसके बावजूद आदिवासियों को डरा धमका कर लोभ-लालच देकर जमीन छीनने का षड्यंत्र लंबे समय से चल रहा है, आदिवासी की जमीन तो आदिवासी को वापस दिलाने के लिए शांतिपूर्वक रूप से ज्ञापन दिया है अगर मांगे नहीं माने गई तो इस तरह के आंदोलन हर उस खेत में किए जाएंगे जो कभी आदिवासी के थे और अब उसे कोई और जोत रहा है. तब कोई स्थिति बिगड़ती है तो उसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी.

**मुकेश मल्होत्रा**
**विधायक विजयपुर**

जमीन पर कब्जे को लेकर आदिवासी की हत्या से आदिवासी समुदाय नाराज है उसने अपनी नाराजगी आज महापंचायत कर जताई है. हालांकि पुलिस ने गंगाराम की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है कार्रवाई सही दिशा में चल रही है सरकार आदिवासियों के साथ है इस दौरान जिला प्रशासन को ज्ञापन सोपा है जिसमें आदिवासियों के हितों से जुड़ी मांगे शामिल है खासकर आदिवासियों की जमीन से गैर आदिवासी का कब्जा हटाकर जमीन उसके असली मालिक आदिवासी को सोपने के लिए ज्ञापन दिया है. सरकार आदिवासियों की जमीन से कब्जा हटाने के लिए कृत संकल्पित है शीघ्र ही बड़ा आंदोलन चलाकर आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों से मुक्त कराई जाएगी

**सीताराम आदिवासी**
**पूर्व विधायक (राज्य मंत्री दर्जा)**

### भारतीय किसान संघ ने उठाए सवाल,सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# किसानों के लिए आफत बन गई खाद वितरण की ई टोकन व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।




सरकार ने किसानों को खाद वितरण के लिए ई टोकन की जो व्यवस्था बनाई है,उस व्यवस्था पर भारतीय किसान संघ ने सवाल उठाते हुए कहा कि खाद वितरण की यह नई व्यवस्था किसानो के लिए आफत बन गई है। इस मामले को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी की अगुवाई में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में जिले का किसान खाद की परेशानी से जूझ रहा है। कई किसानों की अभी फार्मर आईडी नहीं बन सकी है,जिसके चलते उन्हें खाद मिलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में किसानों को फार्मर आईडी न होने पर भी खाद उपलब्ध कराए जाने, ई टोकन की व्यवस्था 24 घंटे चालू रखने, जो किसान पट्टाभूमि, धार्मिक ट्रस्ट की भूमि पर खेती कर रहे है,उन्हें भी खाद उपलब्ध कराए जाने, नगद खाद की व्यवस्था तहसील स्तर के साथ.साथ प्रेमसर, मानपुर, ढोढर, आबदा, गौरस आदि बड़े स्थानों शुरू कराए जाने जैसी मांगे किसान संघ ने जोरदारी के साथ उठाई है। ज्ञापन सौपने के दौरान मूलचंद मीणा,अशोक आर्य जितेंद्र मीणा, भीम सिंह जाट, मुकेश मीणा, सुरेश लोधा, बाबूलाल मीणा, नाथूलाल पटेल एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# दबंग ने मिट्टी डालकर बंद किया पानी निकासी का मार्ग, किसानों ने बडौदा तहसीलदार से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम कुडायथा के किसानों ने मंगलवार को बडौदा तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार बडौदा के नाम एक आवेदन सौंपा है। आवदेन में किसानों ने आरोप लगाया है कि गांव के एक दबंग व्यक्ति ने बरसाती पानी की निकासी के लिए बने रास्ते को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। जिससे बारिश के दौरान क्षेत्र के किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पडेगा। तहसीलदार के नाम दिए आवेदन में अजय मीणा, शोभाराम, रामबलवान मीणा, अशोक, काडूलाल, रूप सिंह आदि कई किसानों ने बताया कि ग्राम कुडायथा के हार में खेतो के बरसाती पानी की निकासी के लिए जो सरकारी रपटा बना हुआ है, उस पर गांव के ही शिशुपाल नामक व्यक्ति के द्वारा मिट्टी डाल दी गई है। जिससे अब यह संकट खडा हो गया है कि बारिश के दौरान खेतो का पानी कहां होकर निकलेगा। किसानों ने बडौदा तहसीलदार से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

# पानी का नहीं निकास, नपा प्रशासन को मड पंप से निकलवाना पड़ा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा और नपाध्यक्ष के निर्देश पर इन दिनों शहर में चलाए जा रहे सफाई अभियान के क्रम में नगर पालिका अमले को उन बस्तियों में पानी निकासी में परेशानी आ रही है जिन बस्तियों में पानी निकासी के लिए कॉलोनाइजर ने नाले ही नहीं बनाए है. ऐसी बस्तियों में बीते दो-तीन दिनों से हो रही बारिश से पानी भर गया जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो गई और चैंबरों का पानी खुले प्लाटो में भर जाने से बदबू वातावरण में फैल गई ऐसी बस्तीयों में नगर पालिका को पानी निकासी के लिए मड पंप का सहारा लेना पड़ा.

नगर पालिका के एचओ सत्य भानु जाटव ने बताया कि इन दोनों सफाई अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है. उन नालों की सफाई ताला झाड़ कराई जा रही है जो नाले बारिश के पानी निकासी में रुकावट बनते हैं और उनके कारण शहर में जल भराव की स्थिति निर्मित होती हैं इसके अलावा उन बस्तियों में भी पानी निकासी की व्यवस्था कच्ची नालियां खोदकर की जा रही है जहां पानी निकासी की सुविधा नहीं है पर कुछ पक्की कॉलोनी ऐसी भी हैं जहां कच्ची नालियां खोदना भी संभव नहीं है और उनमें पहले से पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है ऐसी बस्तियों का मैं बारिश का भरा पानी निकालने के लिए मड पंप का सहारा लेना पड़ रहा है.

# दो पक्षों के बीच चले लाठी डंडे, 8 घायल,क्रॉस केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।


ढोढर थाना क्षेत्र में बीती शाम को दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए। इस दौरान दोनो पक्ष के 8 लोग घायल हो गए। जिन्हें नजदीक अस्पताल में दाखिल कराया गया। यह विवाद हाईड्रा मशीन चलाने की मजबूरी के पैसे की बात को लेकर हुआ। पुलिस ने बताया कि इस मामले में क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। एक पक्ष के फरियादी जगदीश पुत्र रामजीलाल रावत निवासी भूरैडी की रिपोर्ट रामकिशन गुर्जर, लोकेन्द्र गुर्जर, धर्मू, सोनू, घनश्याम, जीतू, बलवीर, रघुवीर गुर्जर के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष के फरियादी रामकिशन पुत्र शिवचरण गुर्जर निवासी सुखवास की रिपोर्ट रामदयाल, जगदीश, मोहर सिंह, रघुवीर, हेमंत निवासी भूरेडी के खिलाफ मारपीट की धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है।

### ककरधा में जिला स्तरीय रात्रि चौपाल आज

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों की जनसमस्याओं के मौके पर निराकरण एवं विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के उद्देश्य से 03 जून 2026 को शाम 6 बजे ग्राम ककरधा, जनपद पंचायत कराहल में जिला स्तरीय रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चौपाल के नोडल अधिकारी एसडीएम कराहल बी.एस. श्रीवास्तव रहेंगे। कार्यक्रम में जिला एवं विकासखंड स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे

# बडौदा में लगा शिविर, 10 दिव्यांग जनों को लगाये कृत्रिम हाथ-पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।



कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में एडिप योजना अंतर्गत एलिम्को के निर्देशानुसार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर दिव्यांगजनो को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरित किये जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगरपरिषद बडौदा कार्यालय भवन में आयोजित ऑन द स्पॉट निः शुल्क चिन्हांकन सह वितरण शिविर में 10 दिव्यांगजनों के कृत्रिम हाथ एवं पैर मौके पर ही बनाकर लगाये गये। इस अवसर पर नगरपरिषद बडौदा के अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, पार्षद बद्री प्रसाद सोनी, पार्षद प्रतिनिधि महावीर नागर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहें।

एसआर ट्रस्ट एवं एलिम्को के माध्यम से आयोजित शिविर में नरेंद्र कुमार प्रोस्थेटिस्ट एंड ओर्थोटिस्ट एलिम्को जबलपुर, प्रिया वर्मा प्रोस्थेटिस्ट एंड ओर्थोटिस्ट एसआर ट्रस्ट,लाखन सिंह मीणा मैनेजर एसआर ट्रस्ट, राम गिरीश पाण्डेय टेक्नीशियन एसआर ट्रस्ट, नरेन्द्र पवार टेक्नीशियन, संपत साकेत टेक्नीशियन द्वारा शिविर के दौरान कृत्रिम हाथ एवं पैर की आवश्यकता वाले 10 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन परीक्षण करते हुए मौके पर ही कृत्रिम हाथ एवं पैर तैयार किये गये और दिव्यांगजनों को लगाये गये। शिविर में कुल 43 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा 34 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरणों क लिए चिन्हित किया गया, जिसमें से 10 को कृत्रिम हाथ-पैर मौके पर ही लगाये गये, शेष 24 दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार अन्य कृत्रिम उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हांकित किया गया।

### आज कराहल में कल ढोढर में लगेगा शिविर

उप संचालक सामाजिक न्याय शशि किरण इक्का ने बताया कि इसी क्रम में 03 जून को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 04 जून को पंचायत भवन ढोढर, 05 जून को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर तथा 06 जून को पंचायत भवन वीरपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे।

# दुधारू पशुओं का रख-रखाव करते हुए दुग्ध उत्पादन बढाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हुए दुधारू पशुओं का रख-रखाव बेहतर तरीके से करें और दुग्ध उत्पादन को बढायें, जिससे पशुपालको की आर्थिक स्थिति में भी उत्तरोत्तर सुधार होगा। यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने पशु पालन एवं डेयरी कार्यालय श्योपुर में आयोजित मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को भैस प्रदाय कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान तीन पशुपालको को 6 भैसे प्रदाय की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत चयनित पशुपालक राधेश्याम गंगोदिया ग्राम ढोटी, लोकेंद्र जाट ग्राम ददूनी, हनुमान यादव किलोरच को 6 दुधारू भैसे प्रदाय की गई। उक्त योजना के तहत हितग्राहियों को दो भैसे दिये जाने के प्रावधान है।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. सुभाष बाबू दोहरे ने बताया कि मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में पशुपालकों, कृषकों एवं बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से उन्नत नस्ल की भैस प्रदाय की जाती है। योजना का मुख्य उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा पशुपालकों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के बाद कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा इस दौरान जिला पशु चिकित्सालय एवं उपसंचालक कार्यालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग का निरीक्षण भी किया गया।

# अस्पताल से मोबाइल चुराने वाला चोर तीन दिन बाद मोबाइल मालिक ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

तीन दिन पहले रात्रि के दौरान जिला अस्पताल से मोबाइल चोरी करके भागे चोर को मोबाइल मालिक ने खुद ही सजगता से पकड लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके खिलाफ कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम सोंईकलां हाल चंबल कॉलोनी निवासी आशुतोष पुत्र रमेश चंद्र पांचाल 29 मई को अपने परिचित से मिलने के लिए जिला अस्पताल गया था,जहां आंधी और बारिश आ जाने के कारण वह रात्रि के दौरान जिला अस्पताल के परिसर में ही सो गया। तभी रात्रि के दौरान उसका 20 हजार कीमत का मोबाइल तथा उसकी सेडिंल चोरी हो गया। मंगलवार को जब आशुतोष किसी काम से शहर के तहसील चैराहे पर पहुंचा तो उसे अपने सेडिंल पहने हुए एक युवक नजर आया। जिसे उसने आसपास मौजूद लोगो की मदद से पकड लिया तो उसकी जेब में उसका चोरी हुआ मोबाइल भी मिल गया। पकडे गए युवक ने अपना नाम विशाल आदिवासी निवासी करीरिया रामगढ राजस्थान बताया है। कोतवाली पुलिस ने आशुतोष पांचाल की रिपोर्ट पर उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### जनसुनवाई में घटने के बजाए और अधिक बढ़ने लगी आवेदकों की भीड़

# कनक दंडवत लगाता जनसुनवाई में पहुंचा युवक बोला,नामांतरण नहीं हुआ तो कर लूंगा आत्मदाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक रोचक नजारा उस समय देखने को मिला जब शहर के वार्ड क्रमांक 18 में रहने वाला जगदीश अग्रवाल नामक व्यक्ति जनसुनवाई में अपना आवेदन देने के लिए कनक दंडवत लगाता हुआ पहुंचा. पत्रकारों की भीड़ और कैमरामैनों की चकाचोंध के बीच कलेक्ट्रेट पर दंडवत लगाते हुए जब जगदीश कलेक्टर शीला दाहिमा से मिला तो कलेक्टर ने अन्य सवालियों की तरह समस्या सुनने के लिए उसे कुर्सी पर बैठाया लेकिन जैसे ही उसने बताया कि वो कनक दंडवत लगाते यहां पहुंचा है तो कलेक्टर से उसे पहले ठंडा पानी पिलाया और बाद में उसकी समस्या सुनी जगदीश ने बताया कि वह 1 साल से नामांतरण के लिए घूम रहा है और अधिकारी कर्मचारी उसके नामांतरण के बदले रिश्वत की मांग कर रहे हैं, हालांकि कलेक्टर ने इस मामले में तहसीलदार बौद्ध को गंभीरता पूर्वक जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए पर जनसुनवाई से बाद बाहर आने के बाद जगदीश ने कहा कि अगर उसका काम नहीं हुआ तो वह भी कलेक्टर के सामने आत्मदाह कर लेगा. मंगलवार को जनसुनवाई में रिकॉर्ड लोग अपने फरियाद लेकर पहुंचे सवालियों का आंकड़ा साढ़े तीन सो को पार कर गया जो एक नया रिकार्ड था.

मंगलवार को जनसुनवाई में जगदीश अग्रवाल तब आकर्षण का केंद्र बन गया जब उसने कलेक्ट्रेट में आवेदन से पहले दंडवत लगाना शुरू की, जगदीश कलेक्ट्रेट में आवेदन भी दे आया लेकिन बाद में खबर नवीसो ने उसे खूब हाईलाइट किया इस दौरान पत्रकारों को बयान देते हुए उसने कहा कि वह भाजपा का नेता है और प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार है इसके बावजूद उसे परेशान किया जा रहा है, जब उसका ही काम बिना बिना रिश्वत दिए नहीं हो रहा है तो आम लोगों के काम कैसे होते होंगे?. उसने बताया कि उसका नामांतरण 1 साल से लटका हुआ है अगर नामांतरण नहीं करना था तो फिर जमीन की रजिस्ट्री क्यों कर दी उसने बताया कि वह पूर्व कलेक्टर को दो बार जनसुनवाई में आवेदन दे चुका है नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा को पहली बार आवेदन दे रहा है लेकिन बार-बार परेशान होने के बाद भी नामांतरण नहीं होने से वह हताश है और अगर उसकी सुनवाई नहीं हुई तो वह कलेक्टर के सामने आत्मदाह कर लेगा. सोशल मीडिया पर दिन भर जगदीश अग्रवाल का कनक दंडवत लगता हुआ और आत्मदाह की धमकी देने वाला वीडियो वायरल होता रहा।

### बेसबब नहीं थी पीडित की नाराजगी

जगदीश मंगलवार को जनसुनवाई में कनक दंडवत लगाते हुए पहुंचा उसकी नाराजगी बे-सबब भी नहीं थी दरअसल श्योपुर तहसील में विगत 1 साल से नामांतरण नाम मात्र के किए जा रहे हैं. रजिस्ट्री होने के बाद लोग नामांतरण करने के लिए चक्कर लगाते हैं, आरोप है कि पटवारी और तहसील के बाबू को रिश्वत लेने के बाद ही नामांतरण होने दे रहे है इस संबंध में किसान कांग्रेस ने भी विगत दिनों ज्ञापन देकर एक साल से बंद पड़ी नामांतरण प्रकृया को खोलने की मांग करते हुए नहीं खोलने पर बड़े आंदोलन के चेतावनी दी थी ।

### जनसुनवाई में सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही भीड चिंता का विषय

मंगलवार को जनसुनवाई में रिकॉर्ड रूप से 350 से अधिक लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्या सुनाई जो अभी तक एक रिकॉर्ड है जनसुनवाई में इस तरह सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती भीड़ प्रशासन व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है ज्ञात हो कि जनसुनवाई में वह लोग जाते हैं जिनका काम संबंधित विभागों के द्वारा सरकार के आदेश निर्देश और योजनाओं के अनुसार नहीं किया जाता है. ऐसी स्थिति में अधिकारियों कर्मचारियों पर रुपए लेकर काम करने के आरोप आम होते हैं जो अच्छे प्रशासन के लिए चिंता का विषय जरूर है अगर अधिकारी अपने विभाग के कामों को स्थानीय दफ्तरों में बैठकर नहीं करेंगे तो फिर जनसुनवाई के रूप में उसका भार कलेक्टर पर पडना तय है ऐसी स्थिति में कलेक्टर जनसुनवाई में आए लोगों की भीड़ से रूबरू हो या जिले के विकास के लिए दूसरी योजना पर दिमाग लगाए?. लोगों का कहना है कि जनसुनवाई में भीड़ कम हो इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए कि सरकारी योजना से जुड़े काम विभाग स्तर पर हर हालत में किए जाएं जो काम करने लायक नहीं है. उस पर स्पष्ट टीप अंकित की जाए कि काम क्यों नहीं किया जा सकता है ताकि जनसुनवाई में वाद विवाद की स्थिति भी निर्मित ना हो।

## खबर संक्षेप

### जुआ के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर**। पुलिस ने कईं थाना क्षेत्रों में चल रहे जुआ के अडडों पर छापामार कार्रवाई की है। नईसराय पुलिस ने ग्राम पोरूखेडी घाट में महुआ वाले खेरे में चल रहे जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई कर, दिनेश, सतीश और राकेश रघुवंशी, राकेश जाटव, शिवशंकर शर्मा पर कार्यवाही की है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3900 रूपए और ताश की गड्डी बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने जियो पेट्रोल पंप के पीछे मुंगावली में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अशोक ग्वाल, भोगीराम ग्वाल, मुन्ना हरिजन, प्रदीप गुर्जर, सोनू गुर्जर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 3295 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं।

### ट्राला ने बाइक को टक्कर मारी, युवक घायल

**अशोकनगर**। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत हसारी ग्राम के सामने एक ट्राला यूपी 94 एटी 6053 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर एक बाईक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में घायल बाईक सवार अभिषेक लोधी ने ट्राला के चालक पर मामला दर्ज कराया है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**अशोकनगर**। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत प्रदीप पुत्र महेन्द्र कटारिया निवासी ग्राम कांकर ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाया जिससे राजू पुत्र कमल सिंह आदिवासी उम्र 48 साल निवासी भरियाखेडी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी चन्द्रप्रताप राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मलखान और इंदल राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी जनककुमारी लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति प्रदीप लोधी और मान सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमझरा चक्क निवासी तुलसी राम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पुष्पेन्द्र और मोहनलाल जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वीड़सरकार निवासी राधाबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति किशोर आदिवासी और हरिराम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### छात्रवृत्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 तक

**अशोकनगर**। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अशोकनगर ने बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के सत्र 2025-26 के आवेदनों की अंतिम तिथि 31 मई से बढाकर 15 जून की गई है। विद्यार्थी नियत तिथि तक आवेदन करना सुनिश्चित करें।

### किसान संघ ने चक्का जाम किया, मार्कफेड की गोदाम पर खाद के लिए पहुंचे

# खाली ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर आए किसानों ने कहा- वह खाद लेकर ही जाएंगे घर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में खाद को लेकर पिछले दिनों कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना दिया था, उसके बाद भारतीय किसान संघ ने 1 जून को विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था जिसके बाद सुबह से ही किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ विजयाराजे सिंधिया चैराहे पर जमा होने प्रारंभ हो गए। प्रशासन ने पूरे मार्ग पर जगह जगह बैरीकेडस लगाए थे जिसके बाद किसान संघ ने संड़क पर बैठकर धरना दिया और कहा कि वह ट्रेक्टर ट्राली खाली लेकर आए हैं और खाद लेकर ही जाएगें।

### किसानों ने विजयाराजे सिंधिया चौराहे पर धरना दिया

भारतीय किसान संघ के विरोध प्रदर्शन के तहशुदा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने किसानों को विजयाराजे सिंधिया चैराहे पर ही रोक दिया था, सुबह से किसानों का अशोकनगर पहुंचना प्रारंभ हो गया था, दोपहर 12 बजे तक किसान ट्रेक्टर ट्रालियों के पहुंचना प्रारम्भ हो गए जिसके कारण पूरे मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गईं किसानों ने चैराहे पर ही बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि अगर किसानों का आज खाद प्रदान नहीं किया गया तो उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

किसान संघ को मिले इस आश्वासन के बाद यहां प्रशासन के द्वारा किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए पहले ई टोकन की व्यवस्था की गई और इसके लिए काउंटर लगाए गए। आधा दर्जन कांउटरों पर किसान ई टोकन के लिए इंतजार करते देखे गए। इस मौके पर कृषि विभाग के उप संचालक अमित सिंह भदौरिया के साथ पुलिस विभाग के बडे अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीएम सुभ्रता त्रिपाठी, थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

### खाद नहीं मिली तो किसानों का आंदोलन जारी रहेगा



किसानों के इस विरोध प्रदर्शन को प्रदेश महामंत्री जगराम सिंह यादव ने संबोधित किया और कहा कि अगर समय पर किसानों को खाद नहीं मिली तो किसानों का यह आदोंलन जारी रहेगा। प्रशासन के आश्वासन के बाद भारतीय किसान संघ ने अपना विरोध प्रदर्शन बंद कर दिया। किसानों को कहा गया है कि वह अपने ट्रेक्टर ट्राली लेकर मार्कफेड के गोदाम पर पहुंच जाएं वहां पर उन्हें खाद उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों का रूख चैराहे से मार्कफेड की गोदाम की ओर हो गया।

### कई किसानों के ई टोकन जारी किए गए

खरीफ की फसलों की बोवनी को लेकर किसानों का यह आक्रोश देखा गया। इस दौरान ई टोकन वितरण की प्रक्रिया की शुरूआत की गई, बड़ी संख्या में यहां पर किसान मौजूद रहे। जिन किसानों के ई टोकन जारी हो गए उन्हें खाद उपलब्ध कराई गई। जिन किसानों के ई टोकन जारी नहीं हो पाए उन किसानों के लिए कहा गया कि उन्हें अगले दिन खाद उपलब्ध हो सकेगा। खाद की मांग को लेकर विदिशा रोड स्थित मार्कफेड के इस गोदाम पर पूरे दिन किसानों को हंगामा मचता रहा। ई टोकन जारी करने से लेकर खाद प्राप्त करने केलिए किसान संघर्ष करते हुए नजर आए।

### 6 कांउटर बनाए लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पाई

इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि मार्कफेड पर 6 कांउटर बनाए गए थे, यहां टोकन भी जारी किए गए लेकिन टोकन पूरी तरह जनरेट नहीं हो पाए हैं, जितने टोकन जनरेट हुए हैं, उन किसानों को खाद का वितरण हो सका है। जिन किसानों के टोकन जनरेट नहीं हुए हैं उन्हें अगले दिन तक के लिए रूकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान संघ के इस आंदोलन को देखते हुए प्रदेश संगठन मंत्री भरत पटेल भी अशोकनगर पहुंच गए हैं। 1100 किसानों के द्वारा ई टोकन मार्कफेड पर जारी करने की मांग की गई।

### जिले में 4035 टोकन जारी किए गए

उधर दूसरी ओर कृषि विभाग के उप संचालक अमित भदौरिया ने बताया कि मार्कफेड पर जो भारतीय किसान संघ द्वारा खाद को लेकर विरोध प्रदर्शन कर मांग के लिए पहुंचे थे उन्हें भी टोकन जारी किए गए है। अभी तक जिले में 10000 मेट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण हो चुका है। पूरे जिले में आज दिनांक 4035 टोकन जारी किए जा चुके हैं, यह पूरे जिले के आंकड़े हैं।

## दो ट्रैक्टरों के बीच में आने से युवती घायल, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



आज के दौर में जहां सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की मदद करने से कई लोग कतराते हैं, वहीं ज्ञानालय परिवार के सदस्यों ने संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और मानवता का परिचय देते हुए एक घायल युवती की समय रहते सहायता कर उसकी जान बचाने का सराहनीय कार्य किया।

जानकारी के अनुसार ज्ञानालय परिवार के सदस्य किसी आवश्यक कार्य से मुंगावली से अशोकनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पिपरई के पास ग्राम देसाईखेड़ा और रेहटवास के बीच सड़क पर एक युवती स्कूटी दुर्घटना में घायल अवस्था में पड़ी हुई दिखाई दी। दुर्घटना में घायल युवती की पहचान रानी ओझा पुत्री विष्णु ओझा (18 वर्ष), निवासी पिपरई के रूप में हुई।

घटना को देखकर ज्ञानालय परिवार के सदस्यों ने तत्काल अपनी गाड़ी रोकी और मौके पर पहुंचकर घायल युवती की स्थिति देखी। बच्ची को चोटिल अवस्था में देखकर उन्होंने बिना समय गंवाए इसकी सूचना मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के सुपुत्र एवं ज्ञानालय परिवार के संचालक अर्जुन सिंह यादव को दी। सूचना मिलते ही अर्जुन सिंह यादव ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों से संपर्क कर घायल युवती के बेहतर उपचार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

इसके बाद ज्ञानालय परिवार के सदस्य इंद्रजीत यादव, ऋषि तिवारी, सौरभ सक्सेना और अनिकेत भार्गव ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवती को सावधानीपूर्वक वाहन में बैठाकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार शुरू कराया गया। समय पर अस्पताल पहुंचने से युवती को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।

### हरकुंड विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित



अशोकनगर। शासकीय प्राथमिक विद्यालय हरकुंड में रविवार को वरिष्ठ शिक्षक राकेश श्रोत्रिय के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता बीईओ सुरभि जैन ने की, जबकि मंच संचालन अरुण तिवारी ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके लंबे शैक्षणिक जीवन, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें शिक्षा जगत की प्रेरणास्रोत हस्ती बताया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि 42 वर्षों की निष्कलंक एवं समर्पित सेवा के बाद उनकी सेवानिवृत्ति शिक्षा जगत के एक महत्वपूर्ण अध्याय का समापन है। एक शिक्षक अपने पद से नहीं, बल्कि अपने विचारों, संस्कारों और विद्यार्थियों के जीवन पर छोड़े गए सकारात्मक प्रभाव से सदैव याद किया जाता है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य रामसहाय कटारे, शिक्षक अख्तर खान पठान ने भी संबोधित किया।

## गुना की ओर किया मंगल विहार तीन जून को होगा भव्य प्रवेश

**भविष्य के विकास वाद को देखते हुए आपको बालक पर दया नहीं आएगीः सुधासागर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भविष्य के विकास वाद को देखते हुए आपको बालक पर दया नहीं आयेगी मां उसे हर तरह से पढ़ाना चाहती है लाड प्यार से डांट फटकार यहां तक कि पिटाई भी कर देती है लेकिन उसके उज्जवल भविष्य के लिए सब कुछ करने तैयार रहती है। उसे अपने बेटे में भावी कलेक्टर नजर आ रहा है इसके लिए उसे अपराध मुक्त जीवन ज़ीने की कलां में परांगत करना चाहिए।

हमारी जिनवाणी मां को भी हम सब में भगवान दिख रहा है इसलिए कितनी गर्मी पड़े हमें सहते जाना है। इन संतों में जिनवाणी मां को भाव भगवान नजर आ रहे हैं इसलिए तो वह सब कुछ हंसते हुए सहन करते रहते हैं। हम पत्थर के नहीं बने बस जो सामने हो रहा है उसमें ख़ुशी खुशी अपनी समता बनाये रखना होगा। उक्त आशय के उद्गार पारस धाम शाढ़ौरा में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए शाम को मुनि संघ ने गुना की ओर पद विहार कर दिया। गुना नगर में तीन जून को होगा भव्य मंगल प्रवेश।



### पाषाण के जिनालय में विराजमान होंगी भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ने जव भी कहीं पधारते हैं तो भक्तों को निशानी मिल ही जाती है। इस बार पारस धाम में अशि मषि कृषि विद्या वाणिज्य की जगत को राह बताने वाले भगवान रिषभ देव स्वामी की विशाल प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इसका सौभाग्य जैन समाज अध्यक्ष डॉ भरत जैन परिवार डॉ सुनील जैन डॉ पारस छाया सिंघई परिवार को मिलने जा रहा है जो इस प्रवास की निशानी भक्तों को मिल गई इस परिवार का सम्मान जैन समाज मंत्री दिनेश टरका कोषाध्यक्ष राकेश हलवाई गांधी सचिन जैन मनोज चोवे सहित कमेटी के अन्य प्रमुख जनो द्वारा किया गया।

### मां बाप की संपत्ति पर ऐश करने वाले बिगड़े रहीस सड़कों पर पड़े मिलते हैं

इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि मां बाप के रहते हुए बच्चे बाल पाने में मस्ती करते रहते हैं जो मां वाप के धन पर ऐश करते हैं जवानी मस्ती में व्यतीत कर देते हैं और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की ओर ध्यान नहीं देते वह एक दिन वे सड़क पर पड़े मिलते हैं। जिन्हें आप बिगड़े रहीस कहते हैं। धन बुरा नहीं है धन के दुरूपयोग को बुरा कहा गया है समय रहते आपने धन का सदुपयोग नहीं किया तो धन की भी तीन गतियों का उल्लेख शास्त्रों में आया है दान भोग और नाश नहीं निश्चित होये विनाश यदि आप ने धन को व्यसनों में लगा दिया तो आपका विनाश निश्चित है इसी धन के सदुपयोग से दुसरो का सहयोग कर जिनालय का निर्माण व गरीबो की मदद कर पुण्य के साथ यश अर्जित कर सकते हैं ।

## मगरमच्छ के हमले में घायल हुए मछुआरे को नहीं मिला लाभ, मछुआरों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

छोटी बजरिया स्थित शिव मंदिर पर निषाद वंशी बंसल नियुक्त मछुआरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में मछुआरों भाइयों ने हिस्सा लिया। हाल ही में नदी पर मगरमच्छ के हमले से गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग मछुआरे सहित अन्य गंभीर समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में चर्चा हुई कि बीते शनिवार को सुभाष वार्ड निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग मछुआरे जर्मनी रैकवार अन्य मछुआरों के साथ बेतवा नदी के लचारी घाट पर मछली पकड़ने गए थे। नदी में ट्यूब पर बैठकर मछली पकड़ते समय अचानक एक मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया और मगरमच्छ ने उनका पैर चबा लिया। जर्मनी रैकवार की सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ी अनहोनी टल गई और उनकी जान बच गई, लेकिन वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पीड़ित परिवार के सामने संकट

वर्तमान समय में स्थिति यह है कि उनके घायल होने के कारण परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। मछुआरा कार्ड न होने की वजह से उन्हें शासन की किसी भी योजना या सहायता का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस घटना से आक्रोशित और चिंतित मछुआरा भाइयों ने बैठक में पुरजोर मांग उठाई कि भविष्य में ऐसी किसी भी अनहोनी की स्थिति में समाज के लोगों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। इसके लिए सभी मछुआरों के शासकीय कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं और उनका दुर्घटना बीमा कराया जाए।



### सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं मछुआरे

बैठक में उपस्थित अन्य मछुआरों ने भी अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि आज दिनांक तक बीना विधानसभा में उन्हें न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार की किसी भी योजना का लाभ मिला है। वे रोज अपनी आजीविका के लिए बीना से 15-20 किलोमीटर दूर साइकिल चलाकर बीना और बेतवा नदी पर जाते हैं। कई बार दिनभर की मेहनत के बाद भी मछली नहीं मिलती। इसके अलावा, मछुआरा कार्ड न होने के कारण उन पर मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

### सोमवार को होगा समस्याओं का निराकरण

मछुआ कल्याण विभाग सागर के समिति विभाग अध्यक्ष निर्मल रैकवार ने बैठक में समस्याओं को बेहद बारीकी व संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने मछुआरों को भरोसा दिलाया कि अगले सोमवार को मत्स्य विभाग और संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों को विशेष रूप से बीना बुलाया जाएगा। ताकि इन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता मोहनलाल रैकवार और परमानंद ने की।

## अशोकनगर शहर में सुबह की शुरुआत हल्की बारिश से हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार को अशोकनगर शहर का तापमान पूरी तरह बदला रहा ऐसा लगा कि पूरे दिन मौसम बदला रह सकता है लगभग एक घण्टे तक रिमझिम वर्षा होती रही मौसम पूरी तरह ठण्डा हो गया। लेकिन एक घंटे बाद बारिस थमने के बाद दोपहर में धूप भी निकली। जिले का तापमान मौसम में बदलाव के बाद 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पिछले तीन दिनों से अशोकनगर जिले का मौसम बदला हुआ चल रहा है अभी नौ तपा समाप्त नहीं हुए हैं, 25 मई से नौतपा की शुरूआत जिले में हुई थी, 4 दिनों तक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा, पांचवे दिन से मौसम में बदलाव आया। पहले 43 डिग्री सेल्सियस फिर छटवे दिन 41 डिग्री सेल्सियस और सातवे दिन तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा और आठवे दिन तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पर रह गया।

तापमान में आ रही लगातार गिरावट के बाद लग रहा है कि जल्द ही मौसम में बदलाव हो सकता है, हालांकि पिछले 4 दिनों में दो दिन रात में हवा और आंधी भी चल चुकी है जो इस बात का संकेत दे रही है कि मौसम में अब बदलाव है।

### युवाओं को ज्ञान अर्जन के लिए सतत प्रयास करना चाहिए

# ब्राह्मण समाज के स्नेह सम्मेलन में सामाजिक चिंतन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ब्राह्मण समाज द्वारा स्नेह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट ओम प्रकाश चैधरी द्वारा की गई सम्मेलन में चित्रकूट से पधारे संत प्रवर 1008 प्रभुतानंद महाराज प्रमुख रूप से शामिल हुए।




### मानव के लिए ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है -एसपी राजीव मिश्रा

मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कहा कि मानव के लिए ज्ञान ही सबसे बड़ी पूंजी है समाज ज्ञान अर्जित करके ही प्रगति कर सकता है युवाओं को ज्ञान अर्जन हेतु सतत प्रयास करना चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश चैधरी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में सबका सहयोग आवश्यक है वक्ताओं में दिनेश बिरथरे ने समाज में फैले वर्ग भेद पर प्रकाश डाला एवं सबको संगठित होने का संदेश दिया।

### खर्चीली शादियों के साथ दहेज प्रथा भी चुनौती-बलराम शर्मा

बलराम शर्मा ने कहा कि समाज के सम्मुख खर्चीली शादियां दहेज प्रथा प्री वेडिंग मृतक भोज जैसी चुनौतियां हैं जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है।

दीपक मिश्रा ने बताया कि ब्राह्मण धर्म से जुड़ा है धर्म रहेगा तब ब्राह्मण रहेगा, इसलिए हमारा प्रथम कर्तव्य है धर्म की रक्षा हेतु सभी समाजों की रक्षा करना। हमारा दायित्व है सभी समाजों को धर्म पर लाना हमारा कर्तव्य है हमने अपने लिए समाज के लिए जीवन लिया है।

### अनेक लोगों ने दान राशि की घोषणा की

आज इस अवसर पर दान राशि की घोषणा की गई मोनू शर्मा सिजावट द्वारा अपने ससुर स्वर्गीय लालाराम बटवार की स्मृति में 151000 रुपए विनोद शर्मा द्वारा एक लाख ग्यारह हजार रुपये राम भरोसा बोहरे द्वारा 51000 लालाराम शर्मा आम्ही द्वारा 51000 कमलेश शर्मा शिक्षक द्वारा 51000 ट्रस्ट को दान देने की घोषणा की। इसी प्रकार अन्य कई लोगों ने भी आर्थिक सहयोग की घोषणा की ट्रस्ट के सचिव राजेश शर्मा द्वारा वार्षिक आय में लिखा का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन ओपी शर्मा द्वारा एवं आभार व्यक्त बाबूलाल शर्मा कनारी द्वारा किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विप्र बंधु ट्रस्ट के आमंत्रित सदस्य आजीवन सदस्य और ट्रस्टी उपस्थित रहे। सभी ने कहा समाज को सघठित करना होगा सगठन मे सकती है। गुना से सूर्य प्रकाश तिवारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष समाजसेवी अनिल नायक समाजसेवी को एन शर्मा चंदेरी से दिनेश मिश्रा विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा शंकर भार्गव आरपी उपाध्याय हरिशंकर भार्गव आचार्य बेनी प्रसाद वशिष्ठ अंजनी चैधरी तहसीलदार योगेंद्र त्रिपाठी नायब तहसीलदार हरिओम शर्मा छेलाई हरिओम नायक वीरु बोहरे बलराम बोहरे संजीव बीरु बोहरे रामकुमार शर्मा दीपक शर्मा सुनील बोहरे सौरभ शर्मा आनंद प्रकाश शर्मा जगदीश शर्मा ममेश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के बंधु उपस्थित रहे।